# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 31 मई, 2025

वर्ष 01 | अंक 141 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# खतरे में दिल्ली के 500 डॉक्टर

## और 2000 स्टाफ की नौकरी

## देवेंद्र यादव ने रेखा सरकार पर साधा निशाना



दिल्ली विधानसभा चुनाव में सूपड़ा साफ होने के बाद भी कांग्रेस के उत्साह में कमी नहीं आ रही है। सरकार गठन के 100 दिन पूरे होने पर सीएम रेखा गुप्ता सरकार स्वास्थ्यकर्मियों की नौकरी पर तलवार लटकाने को लेकर वह कांग्रेस के निशाने पर आ गयी है। कहा जा रहा है कि मोहल्ला क्लीनिक के डॉक्टर और स्टाफ के दूसरे सदस्यों की नौकरी तब तक है जब तक दिल्ली में आयुष्मान आरोग्य मंदिर पूरी तरह सक्रिय ना हो जाएं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने भी इस बारे में अहम बैठक की है, माना जा रहा है कि राजधानी में मोहल्ला क्लीनिक को पूरी तरह रीप्लेस कर दिया जाएगा। रेखा सरकार की यह योजना सीधे-सीधे 500 डॉक्टर और 2000 स्टाफ पर असर डालती है, उनकी नौकरी खतरे में आती है। अब सरकार के इस निर्णय से वह विपक्ष के निशाने पर आ गई है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बीजेपी सरकार को घेरते हुए कहा है कि बीजेपी ने सत्ता में आते ही स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति लाने का वादा किया था, लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है। देवेन्द्र यादव के आरोपों के मुताबिक, रेखा गुप्ता सरकार रोजगार देने के बजाय दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक में कार्यरत करीब 2000 कर्मचारियों को हटाने की तैयारी शुरू कर दी है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक के कर्मचारियों में भारी असमंजस और भय का माहौल है। वे अलग-अलग अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। जबकि कुछ ही समय पहले इन कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की थी और उन्हें यह भरोसा दिलाया गया था कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर परियोजना के तहत उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

देवेन्द्र यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि इन कर्मचारियों की सेवाएं बिना किसी स्पष्ट प्रक्रिया के समाप्त की जा रही हैं, जो प्रिंसीपल ऑफ नेचुरल जस्टिस और मानवीय पहलू के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों को पिछले दो महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके परिवार भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इन कर्मचारियों से जबरदस्ती नो ड्यूज सर्टिफिकेट पर दस्तखत करवा रही है, ताकि उन्हें चुपचाप बाहर का रास्ता दिखाया जा सके। देवेंद्र यादव ने सवाल उठाया कि जब मुख्यमंत्री स्वयं एक ओर भरोसा दे रही हैं, तो दूसरी ओर कर्मचारियों को बाहर का रास्ता क्यों दिखाया जा रहा है? उन्होंने इस पूरे मामले को लोकतांत्रिक मूल्यों और कर्मचारी हितों के साथ किया गया अन्याय बताया और बीजेपी सरकार की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े किए।

### सरकार का तर्क

इस मामले में सरकार का तर्क है कि इन डॉक्टरों को पैनल से हटाया जरूर जाएगा, लेकिन पर्याप्त समय भी मिलेगा, अभी के लिए यह अवधि एक साल तक की हो सकती है। वैसे मीटिंग में नए डॉक्टरों को हायर करने की बात भी सामने आई है, नेशनल हेल्थ मिशन के जो भी नियम हैं, उन्हीं को ध्यान में रखकर दिल्ली में आयुष्मान आगोग्य मंदिर के लिए डॉक्टरों को नौकरी पर रखा जाएगा। वैसे सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि डॉक्टरों को नौकरी देने में पूरी तरह पारदर्शिता रखी जाएगी, मोहल्ला क्लीनिक का कोई डॉक्टर भी अप्लाई कर सकता है। जानकारी के लिए बता दें कि इस साल 31 मार्च को मोहल्ला क्लीनिक के डॉक्टर्स और स्टाफ सदस्यों का कॉन्ट्रैक्ट समाप्त हो गया था। उसके बाद से ही कयास लग रहे थे कि रेखा सरकार कोई बड़ा कदम उठाने वाली है।



# ईश्वरीय अनुकंपा युक्त उत्साहवर्धक, स्वस्थ जीवन शैली सहजयोग से संभव

आज वो दौर है जब संपूर्ण विश्व में आध्यात्मिक ध्यान योग को स्वीकारा जा रहा है| विदेशों में भी इस शोध पर मुहर लगा दी गई है कि परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा विकसित ध्यान योग विधा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद फायदेमंद है | इसीलिए परम पूज्य श्री माताजी ने कहा है मनुष्य को स्वंय पर दया करनी है और अपनी आत्मा को प्रकाशित करने का संकल्प लेना है| मनुष्य को यह स्वीकारना भर है कि वह शरीर से परे आत्मा है। श्री माँ निर्मला देवी की प्रतिमा के समक्ष बैठकर बड़ी सहजता से पूछा जाना है कि हे मां क्या मैं आत्मा हूँ? या, हे मां क्या मैं स्वयं का गुरु हूँ?.. प्रतिउत्तर में सहजता से प्रवाहित होने वाली चैतन्य लहरियां प्रश्न का समाधान देती है, लेकिन इस प्रकार के आत्मिक संवाद माँ के साथ प्रस्थापित करने के पूर्व मनुष्य को आत्म साक्षात्कार प्राप्त करना होता है जो बेहद आसान है।

आत्म साक्षात्कार लेने के पूर्व या लेते समय गुरु माँ होती है, लेकिन आत्म साक्षात्कार लेने के बाद साधक स्वयं का गुरु हो जाता है आत्म साक्षात्कार लेने के बाद मनुष्य स्वयं को पहचानने लगता है अंतर स्थित स्वयं के गुरु होने का भाव व स्वयं के आत्मा होने का ज्ञान हर ज्ञान से सर्वोपरि है। सहजयोग ध्यान पद्धति एक ऐसी मौन साधना है, जिसमें स्थित होते ही विचार का प्रवाह थमने लगता है.. तत्काल नहीं...धीरे धीरे ध्यान योग की इस विधि से मनुष्य में आत्मिक अनुशासन आता है अनावश्यक चिंतायें व सोच बेहद सरल तरीके से पंच तत्व में विलिन होने लगती है और साधक विचार शून्यता के चरण में प्रवेश कर जाता है यानि विचार ठहर जाते हैं, परंतु ध्यानमग्न साधक तब भी सचेत व जागरूक रहता है, अपने अंदर हो रहे बदलाव और सुख शांति को अनुभव करता है, यह स्थिति ही मनुष्य की शारीरिक व मानसिक सेहत बढ़ाती है, एक उत्साहवर्धक जीवन शैली व स्वयं की आत्मा को पहचान ईश्वरीय अनुकंपा के अधिकारी बनना स्वयं के लिए रोमांचक है, तो हम सभी मिल आत्म साक्षात्कार प्राप्त करते हैं, जो पूर्णतया व सदैव निशुल्क है| अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# डीएपी खाद नहीं मिलने से नाराज किसान नाराज किया चक्काजाम

## प्रशासन पर अनियमितता और कालाबाजारी का आरोप

दैनिक रणजीत टाइम्स

सुनील नगेले

**शिवपुरी। जिले के कोलारस में किसानों ने डीएपी खाद नहीं मिलने के विरोध में शुक्रवार को जगतपुर चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। किसानों का कहना है कि वे पिछले 15 दिनों से खाद के लिए भटक रहे हैं।**

उन्होंने खाद वितरण में अनियमितता और कालाबाजारी के भी आरोप लगाए हैं। चक्का जाम के दौरान किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। किसान सिरनाम ने बताया कि 13 मई को वे कोलारस तहसील में रात भर खाट डालकर रुके। 14 मई को कच्चा टोकन मिला, लेकिन पक्का टोकन अभी तक नहीं मिला। शुक्रवार को खाद वितरण की सूचना पर फिर तहसील पहुंचे, लेकिन दोपहर तक टोकन नहीं मिला। किसान प्रद्युम्न शर्मा और मोनू यादव ने कहा कि मानसून के पहले खेतों की तैयारी के लिए डीएपी खाद जरूरी है। प्रशासन ने 30 मई को वितरण का आश्वासन दिया था। वे सुबह 4 बजे से लाइन में खड़े रहे, लेकिन टोकन नहीं मिले। कोलारस टीआई रवि चौहान और तहसीलदार सचिन भार्गव



के समझाने पर किसानों ने जाम हटाया और यातायात बहाल हुआ।

तहसीलदार बोले- किसान बिना सूचना के तहसील परिषद पहुंचे इस मामले पर तहसीलदार सचिन भार्गव ने कहा- किसान बिना सूचना के तहसील परिषद पहुंचे। नैनो डीएपी और एपीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, लेकिन किसान इन्हें लेने के लिए तैयार नहीं हैं। 26 मई को कोलारस और बदरवास में 1-1 हजार बोरी डीएपी खाद पहुंची थी। दोनों तहसीलों की समितियों को 4500 बोरी डीएपी खाद दी गई थी। अब डीएपी का स्टॉक समाप्त हो चुका है। नया स्टॉक आते ही वितरण किया जाएगा।

## अपराधियों में पुलिस का इतना खौफ होना चाहिए कि अपराध करने से पहले 10 बार सोचें



दैनिक रणजीत टाइम्स

ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी जिले मे पदस्थ एसपी अमन सिंह राठौड़ का मानना है कि गुंडे बदमाशों का स्थान समाज में नहीं बल्कि जेल में होना चाहिए. जनता में पुलिस की छवि साफ सुथरी होनी चाहिए ताकि वह अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें।

शिवपुरी ऐसा माना जाता है कि अपराधियों के खिलाफ जितनी सख्त कार्रवाई होगी, अपराध उतना ही कम होगा. यह बात सच भी है, जो कि शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक को अपने करियर से मिले अनुभवों से साबित भी होती है. हम बात कर रहे हैं एक तेज तर्रार पुलिस अधिकारी के रूप में जाने माने वाले शिवपुरी जिले में पदस्थ पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ की. एसपी अमन सिंह राठौड़ व्यवहार कुशल होने के साथ-साथ एक सख्त प्रशासनिक अधिकारी हैं. जिनका मानना है कि गुंडे बदमाशों का स्थान समाज में नहीं जेल में होना चाहिए. ताकि जनता में पुलिस के प्रति छवि साफ-सुथरी हो और लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें. इसी के साथ ही अपराधियों में पुलिस का इतना खौफ होना चाहिए कि वह कोई अपराध करने से पहले 10 बार सोचें. एसपी अमन सिंह राठौड़ ने अपने।

## खनियाधाना में लोक माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा को कुछ असमाजिक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त

दैनिक रणजीत टाइम्स

जगदीश पाल

**खनियाधाना (शिवपुरी) लोक माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा को कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया है जिसकी सूचना सामाजिक व्यक्तियों को लगी उन्होंने तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना देकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कराया है थाना प्रभारी खनियाधाना द्वारा आश्वासन दिया गया है कि ।**

आरोपियों को जल्दी से जल्दी पकड़ कर गिरफ्तार कर जल्दी से जल्दी कार्रवाई की जाएगी एक दिवस पूर्व भी लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300जयंती सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ 31 मई बड़े धूमधाम से लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाए जाने थी इससे पूर्व भी असमाजिक तत्वों द्वारा प्रतिमा को प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिससे समाज के सभी लोगों मैं काफी रोष व्याप्त है पिछोर विधानसभा में लगातार एक के बाद एक मूर्तियों को क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं सामने आती रही हैं अभी कुछ दिन पूर्व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को और आज खनियाधाना में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की क्षतिग्रस्त कर दिया है एक और देश में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 320 जयंती 31 मई को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की उपस्थिति में होने वाले महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का कार्यक्रम किया जा रहे हैं इसी अनुक्रम में 31 में को भोपाल के जंबूरी मैदान में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 भी जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा वहीं दूसरी ओर असामाजिक तत्वों ने खनियाधाना लोकमाता अहिल्याबाई की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।



रणजीत टाइम्स



# थाना खजराना पुलिस की बड़ी कार्रवाई-ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**राजेश धाकड़**

इंदौर, खजराना: शहर में मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसते हुए थाना खजराना पुलिस ने एक और बड़ी सफलता अर्जित की है। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर तथा एक मोटर साइकिल बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 12.8 ग्राम ब्राउन शुगर जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1,20,000 है और Splendor मोटरसाइकिल (अनुमानित मूल्य 30,000) जब्त की गई। कुल बरामदगी का मूल्य लगभग 1.5 लाख आँका गया है।





## गिरफ्तार आरोपी:

1. सद्दाम पिता जाकिर शाह (उम्र 33 वर्ष), निवासी 169 मुर्गी केंद्र, तंजीम नगर, खजराना। शिक्षा: कक्षा 5 तक, व्यवसाय: टाइल्स का कार्य।2. शाहरुख पिता स्व. मोहम्मद शफीक (उम्र 31 वर्ष), निवासी रोशन नगर, खजराना। शिक्षा: कक्षा 3 तक, व्यवसाय: टाइल्स का कार्य। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे स्वयं ड्रग्स के नशे के आदी हैं और नशे की लत को पूरा करने के लिए ब्राउन शुगर को सस्ते दामों पर खरीदकर अन्य नशा करने वालों को ऊँचे दामों में बेचते थे। आरोपियों के विरुद्ध NDPS एक्ट की धारा 8/21 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस अब आरोपियों से नेटवर्क और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी जुटाने हेतु रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

## पुलिस अधिकारियों की तत्परता:

यह कार्यवाही पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह, पुलिस उपायुक्त जोन 2 श्री अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त खजराना श्री कुंदन मंडलोई के निर्देशन में की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा इस कार्वाई को अंजाम दिया गया। टीम में उनि. अनिल गौतम, सउनि. गणेश मुजाल्दे, प्रआर. पंकज सांवरिया, अजीत यादव, नरेश चौहान, आर. प्रदीप सूर्यवंशी एवं शुभम सिंह की सराहनीय भूमिका रही। खजराना पुलिस द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व क्रय-विक्रय पर सतर्क निगरानी रखी जा रही है। शहर को नशामुक्त बनाने की दिशा में यह एक और महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

# नगर के पत्रकारों द्वारा हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाया गया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**संजय प्रेम जोशी**

हाटपिपल्या। नगर के पत्रकारों द्वारा हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाया गया। पत्रकारिता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र बज प्रेस क्लब पुर्व अध्यक्ष संजय प्रेम जोशी पंकज पाठक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र बज ने हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत 1826 में हुई तब से आज तक हिंदी पत्रकारिता का महत्व पुरे देश में है। इस अवसर पर नरेन्द्र ठाकुर,संतोष वर्मा, साकिर मनसुरी, रमेश संदुकलिया,करीम खान, अमित व्यास,आशिष जायसवाल, कमल सोलंकी, कपिल त्रिवेदी,निरज सोलंकी, आदि मौजूद थे संचालन नौसाद पटेल ने किया आभार मनोज कारपेंटर ने माना।

# शहीद सुरेन्द्र सिंह चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित कि गई



**हाटपिपल्या**

नगर के पत्रकारों द्वारा शहीद सैनिक सुरेन्द्र सिंह चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित कि गई । इस अवसर पर राजेंद्र बज, संजय प्रेम जोशी, पंकज पाठक, संतोष वर्मा, नरेंद्र ठाकुर, मनोज कारपेंटर,साकीर मनसुरी, रमेश संदुकलिया,नौसाद पटेल,अमित व्यास,करीम खान,कमल सोलंकी, कपिल त्रिवेदी,निरज सोलंकी आशिष जायसवाल आदि मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय वीरांगना महासभा ने दी महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि




**दैनिक रणजीत टाइम्स**

इंदौर : अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा, मध्यप्रदेश इकाई के द्वारा महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती पर इंदौर के महूनाका स्थित उनकी प्रतिमा माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी पावन स्मृति में महाराणा प्रताप अमर रहे के नारे लगाए । इस मौके पर सर्वसंगठन के द्वारा बड़े गणपति से रजवाड़ा तक भव्य शौर्य यात्रा शहर में निकाली गई । इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा, मध्य प्रदेश की अध्यक्ष श्रीमती वंदना सिंह, महासचिव श्रीमती पूजा भदौरिया, इंदौर संभाग की अध्यक्ष श्रीमती रानी चंदेल, इंदौर जिला की महासचिव सपना सिकरवार जी, वीरांगना पदाधिकारी सर्वश्रीमती अर्चना ठाकुर जी, किरण पवार जी, रितिका गौर जी,मंगला ठाकुर जी उपस्थित थी।

# अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती

गोपाल गावंडे » रणजीत टाइम्स
प्रधान संपादक

31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में जन्मी राजमाता अहिल्याबाई होलकर का नाम भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। इस वर्ष 2025 में हम उनकी 300वीं जयंती मना रहे हैं — यह अवसर उनके त्याग, सेवा, न्याय और लोककल्याण के कार्यों को याद करने का है।




## अहिल्याबाईः जीवन का परिचय

अहिल्याबाई ने बहुत कम उम्र में खांडेराव होलकर से विवाह किया। उनके ससुर मल्हारराव होलकर ने उनकी योग्यता पहचानी और उन्हें शासन में सक्रिय किया। पति और ससुर की मृत्यु के बाद 1767 में अहिल्याबाई ने इंदौर रियासत की कमान संभाली।

उनका शासनकाल न्याय, लोकसेवा और प्रशासनिक कुशलता के लिए जाना जाता है। वे अपनी प्रजा के सुख-दुख में साथ रहती थीं और हर दिन दरबार लगाकर जनता की समस्याओं का समाधान करती थीं।

## धार्मिक और सांस्कृतिक योगदान

काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण
द्वारका, सोमनाथ, रामेश्वरम, बद्रीनाथ जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों का जीर्णोद्धार
देशभर में घाट, कुएं, बावड़ियां, तालाब और धर्मशालाओं का निर्माण
व्यापारियों, किसानों और गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का संचालन

## न्यायप्रिय और दूरदर्शी शासक

अहिल्याबाई का शासनकाल सादगी और न्यायप्रियता का प्रतीक रहा। उन्होंने खुद को विलासिता से दूर रखा और शासन में पारदर्शिता लाई। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे अपने राज्य की हर छोटी-बड़ी समस्या को गंभीरता से लेती थीं और निष्पक्ष फैसले करती थीं। जनता उन्हें 'प्रजा माता' कहकर पुकारती थी।

## 300वीं जयंती का महत्व

अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर हम सभी के लिए यह प्रेरणा लेने का समय है कि शासन में पारदर्शिता और सेवा भाव रखा जाए, महिलाओं को नेतृत्व और समानता का अधिकार मिले, अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों का सम्मान किया जाए, परोपकार और समाज सेवा को प्राथमिकता दी जाए

## रणजीत टाइम्स की श्रद्धांजलि

रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से राजमाता अहिल्याबाई होलकर को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। हम उनके आदर्शों को अपनाने और समाज में न्याय, समानता और सेवा का संदेश फैलाने का संकल्प लेते हैं। राजमाता अहिल्याबाई होलकर अमर रहें।



# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और दर्शन पर व्याख्यान माला सम्पन्न'



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर। प्रदेश में चल रहे लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष के अंतर्गत शुक्रवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय में ''देवी अहिल्याबाई होल्करः जीवन और दर्शन'' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, स्टाफ सदस्य, एनएसएस, एनसीसी के छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक, सांसद प्रतिनिधि श्री उमेश टेलर ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहाकृ"देवी अहिल्याबाई ने आदर्श शासन व्यवस्था की नींव रखी। उनका शासन भारतीय सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक मूल्यों की मिसाल है। तीर्थ स्थलों के निर्माण व पुनर्निर्माण, समाज सेवा एवं धर्म-संरक्षण में उनका योगदान अद्वितीय रहा। उन्होंने नारी नेतृत्व को सशक्त स्वरूप प्रदान किया।"देवी अहिल्या के सपनो का भारत बनाने के काम वर्तमान मे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया जा रहा है। जो शनिवार 31 मई को देवी अहिल्या के जन्मदिवस पर भोपाल के जम्भुरी मैदान मे महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को सम्बोधित करेंगे कार्यक्रम के विशेष अतिथि भा.ज.पा. बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्री दिलीप त्रिवेदी ने कहाकृदेवी अहिल्या का जीवन शौर्य, सेवा, और धार्मिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने सभी धर्मों के प्रति समान दृष्टिकोण अपनाया और 'राष्ट्र धर्म' के लिए जीवन समर्पित किया। वे एक ऐसी शासिका थीं जो मातृत्व, नीति और न्याय का अनुपम उदाहरण थीं।" कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.एस. विभूति ने कहाकृअहिल्याबाई होल्कर समाज सुधार की अग्रदूत थीं। उन्होंने न केवल धार्मिक निर्माण कार्य किए, बल्कि समाज के वंचित वर्गों के उत्थान हेतु योजनाएं चलाईं। उनका जीवन आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।" कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वी.पी. मीणा द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए वक्ताओं ने अहिल्याबाई होल्कर के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी एवं एनएसएस इकाई के स्वयंसेवक भी उपस्थित रहें।

# अमृत 2.0 योजना के तहत निर्मित होने वाले बगीचे का भूमिपूजन



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर, 30 मई / अमृत 2.0 योजना के तहत शाजापुर नगर पालिका द्वारा चीलर डेम के नजदीक निर्मित होने वाले बगीचे का भूमिपूजन आज स्थानीय विधायक श्री अरूण भीमावद एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने किया। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष श्री प्रेम जैन, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले, नायब तहसीलदार श्री गौरव पोरवाल व सुश्री नाहिद अंजुम, नगरपालिका सीएमओ श्री अशफाक खान, श्री आशीष नागर, श्री राधेश्याम गुर्जर, श्री हरिओम गोठी, श्री मोहन सिंह जादौन, श्री सोनू सोलंकी, श्री मुकेश दुबे, श्री सतीष राठौर, श्री प्रेम यादव, श्री विक्रम कुशवाह, श्री चिनेश जैन, श्री गोविन्द नायक, श्री अतुल पालीवाल, श्री लोकेश शर्मा, श्री रईस पठान, सांपखेड़ा सरपंच श्री कमल सूर्यवंशी सहित गणमान्य नागरिक एवं पार्षदगण उपस्थित थे। अमृत 2.0 योजना के तहत यहां पर पाथवे, ग्रीनरी, बैंच, बच्चों के लिए खेलकूद के उपकरण, हाईमास्ट लाईट, नलकूप खनन एवं बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण होगा। इसकी कुल लागत लगभग 47 लाख रूपये है।

# समाज की एकता ही राष्ट्र की शक्ति है:श्री नागर

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर/मक्सी समाज को जोड़ने का सबसे पवित्र साधन सत्संग है ।संघ शक्ति कलियुगे ।हमारे संतो ने यवन काल में हरि नाम का आश्रय लेकर समाज को पतन से बचाया ।ये विचार श्री राम शरणम् देवास से पधारे श्री इंद्र सिंह नागर भाई जी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा समर्थ रामदास जी महाराज ने गुलामी की जंजीर तोड़ने के लिए शिवाजी को तैयार किया, मां भवानी का आह्वाहन किया और शिवाजी को आशीर्वाद दिलवा कर अभय तलवार दिलवाई और कहा जा बेटे इन म्लेच्छों का सर्वनाश कर ,भारत और भारतीय संस्कृति को बचा। सनातन धर्म की रक्षा कर। भक्ति से शक्ति और शांति मिलती है और भक्ति से ही परमात्मा मिलता है लेकिन यह सब गुरु बिना संभव नहीं है। गुरु बिन कौन बतावे बाट। भक्ति श्रद्धा और विश्वास से पैदा होती है। भक्ति जीवन का श्रृंगार है शुभ की राशि है ।हम प्रार्थना करें कि है परमात्मा हम तेरे नाम में प्रीति दे ताकि भगवती भागीरथी भक्ति हमारे मन में प्रवाहित हो। कलयुग में नाम भक्ति ही सर्वश्रेष्ठ भक्ति है। भगवान शिव नित्य राम नाम का सिमरन करते हैं, वे माता पार्वती से कहते हैं,हे सुमुखी राम नाम हजार नाम के बराबर है। आपके भजनों और सुमधुर प्रवचनों से सभी श्रोता भाव विभोर होकर झूम



उठे। कार्यक्रम में अमृतवाणी का पाठ हुआ और सूरजपुर के समस्त साधकों ने आसपास से आए सभी साधकों का आभार माना। यह समाचार श्रीराम शरणम के प्रादेशिक प्रचार प्रमुख डॉ सुरेश गुर्जर ने प्रसारित किया।

# कालापीपल में खण्ड स्तरीय बैंक समन्वय समिति की बैठक संपन्न




**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर। कालापीपल जनपद पंचायत में गत दिवस मार्च तिमाही 2025 की खण्ड स्तरीय बैंक समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीएम डैशबोर्ड में शामिल योजनाओं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पशुपालन केसीसी एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जानकारी दी गई। बैठक में सभी अधिकारियो को अवगत कराया गया कि इन योजनाओं की समीक्षा मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक माह की जाएगी। बैठक में बैंकों में बढ़ते हुए एनपीए को रोकने और वसूली बढ़ाने के लिए आरआरसी फाईल करने, लोक अदालत और अन्य उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में शाख एवं जमा के अनुपात, केसीसी, कृषि ऋण आदि अन्य मुद्दों सहित शासकीय प्रायोजित योजनाओं एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत कालापीपल सीईओ श्री डीआरएस राणा, नाबार्ड डीडीएम श्री धीरेंद्र कोरी, आरसेटी डायरेक्टर श्री मुकेश गहलोत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

# शिक्षकों को शाला प्रबंधन एवं नेतृत्व क्षमता हेतु दिया प्रशिक्षण



## माध्यमिक शाला के 420 व प्राथमिक के 1029 प्रधान अध्यापक हुए प्रशिक्षित

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

पिपलौदा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में स्टार प्रोजेक्ट के तहत जिले के प्राथमिक,माध्यमिक शाला प्रधान अध्यापकों का लीडरशिप आधारित नेतृत्व क्षमता विकास पांच दिवसीय प्रशिक्षण सात चरणों में संपन्न हुआ। जिले की माध्यमिक शालाओं के 420 तथा प्राथमिक शालाओं के 1029 प्रधान अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया।

### शिक्षकों के प्रशिक्षण से होगा कौशल विकास- डॉ. गुप्ता

समापन एवं प्रमाण-पत्र वितरण के अवसर पर डॉ. नरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रशिक्षण के माध्यम से शाला प्रबंधन एवं नेतृत्व क्षमता में गुणात्मक परिवर्तन के लिए शिक्षकों के व्यावसायिक एवं चिंतन, सृजनात्मक, संप्रेषण, कौशल विकास शिक्षकों के लिए शाला प्रबंधन एवं नेतृत्व क्षमता प्रशिक्षण दिया गया जो बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा।

### शाला प्रबंधन में उपयोगी सिद्ध होगा प्रशिक्षण - भोगलेकर

व्याख्याता एवं राज्य स्तर से प्रशिक्षित राजेंद्रराव भोगलेकर ने बताया कि यह प्रशिक्षण मिश्रित मोड में दिया गया। प्रशिक्षण की विधि डिजिटल, मैन्युअल तथा इंटरएक्टिव की थी, जिसमें अधिक से अधिक सहभागिता प्रतिभागियों की रही। जो प्रधान अध्यापकों के शाला प्रबंधन में बहुत उपयोगी सिद्ध होगी।

### इन्होंने भी दिया प्रशिक्षण

व्याख्याता संगीता भट्ट, अलका आचार्य, जिला समन्वयक (समावेशी शिक्षा) अंबाराम बोस, लेखपाल शेर अली खान, तेज कुमार निनामा, रामजी माल, राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स विशाल पांडे, संध्या जैन, डॉ अजीत प्रसाद चौहान, सचिन पटवा, दिनेश राठौर, संजय गुप्ता, कांता अटरिया, शकीला खानम द्वारा सातों चरणों में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकली वाहन रैली, राजपूत बोर्डिंग पर प्रतिभाओ का किया सम्मान

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

पिपलौदा। नगर के राजपूत बोर्डिंग में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजपूत समाज ने वाहन रैली निकाल कर बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया। गणेश मंदिर कोठी पैलेस से प्रारंभ रैली नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई राजपूत बोर्डिंग पर समापृत हुई, जहां नियति राठौर तथा कृतिका सोलंकी ने अतिथियों को चन्दन का टीका लगा कर स्वागत किया। कार्यकम में 12 वीं बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पूर्व कृषि मंत्री महेन्द्रसिंह कालूखेड़ा की स्मृति में सम्मानित किया गया। इसमें कृतिका दिलीपसिंह सोलंकी, कीर्तिराज लोकेन्द्रसिंह बड़ौदा तथा चंचल कुंवर राजकुमारसिंह शेरपुर व कक्षा 10 में उच्च अंक प्राप्त करने वाले ऋतिका दिलीपसिंह, भानूप्रतापसिंह महेन्द्रसिंह रांकोदा, कृतिका मंगलसिंह चौहान बड़ायलामाताजी, राजनंदिनी हिम्मतसिंह को स्मृति चिन्ह के साथ प्रशस्ति पत्र तथा नगद राशि राजपूत उत्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष भोपालसिंह राठौर तथा संरक्षक के.के. सिंह कालूखेड़ा ने प्रदान की।

### समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आगे लाने का करे प्रयास - कालूखेड़ा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के.के.सिंह कालूखेड़ा ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को आगे लाने के लिए समाज को कार्य करना होगा तथा इसके लिए सामर्थ्य के अनुसार दान आवश्यक है। विशेष अतिथि राजेन्द्रसिंह गुडरखेड़ा ने जनगणना की जानकारी प्रस्तुत की। नारायणसिंह चिकलना ने कहा कि महाराणा प्रताप 500 वर्षों के बाद भी प्रेरणा के केन्द्र है, यह राजपूत समाज के लिए गौरव की बात है। हरीश प्रताप सिंह तथा सोमेन्द्रसिंह राठौर ने भी विचार रखे।

### वार्षिक लेखा जोखा किया प्रस्तुत

वार्षिक लेखा जोखा कोषाध्यक्ष लोकेन्द्रसिंह देवड़ा ने प्रस्तुत करते हुए बताया कि महाराज मयूरध्वजसिंह ने 5 हजार, मंगलसिंह चौहान बड़ायलामाताजी ने 5 हजार, जितेन्द्रसिंह छोटूबना सैलाना, धर्मेन्द्रसिंह बाराखेड़ा, राजेन्द्रसिंह आम्बीरामा तथा भारतसिंह भाटखेड़ी ने 11-11 हजार, गोपालसिंह डोडिया ने 5100 तथा लोकपालसिंह राठौर ने 3500 का आर्थिक सहायोग प्रदान किया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित

कार्यक्रम में महावीरसिंह सिसौदिया, कुलदीपसिंह सिसौदिया साखथली, लोकेन्द्रसिंह बड़ौदा, युवराजसिंह, महेन्द्रसिंह अयाना, भानूप्रतापसिंह बड़ायलामाताजी, मिस्ट्रबना बोरदिया, रणजीतसिंह बड़ौदा, जीवनसिंह, गोपालसिंह, जुझारसिंह सिसौदिया, बिन्दु सरकार, खुशालसिंह, महेन्द्रसिंह राठौर, कुलदीपसिंह झाला, अवधप्रतापसिंह राठौर, राजेन्द्रसिंह देवड़ा, चंद्रपालसिंह राठौर, मनीषसिंह सोलंकी, मंगलसिंह, बलवंतसिंह, प्रवीणसिंह, मनमोहनसिंह राणा सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के राजपूत सरदारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के सचिव जयेन्द्रसिंह राठौर ने किया।

# जिनशासन और प्रशासन साधु साध्वियों की सुरक्षा के प्रति गंभीर हो

## दो दिनों में दो संतों का निधन दुःखद

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

जिनशासन के दो अनमोल रत्नों का सड़क हादसे में देवलोकगमन (निधन) अत्यंत दुःखद है। यह घटना न केवल जैन समुदाय के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए एक बड़ा आघात है। पिछले कुछ वर्षों में जैन संतों की सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो चिंताजनक है।

### दो दिन में दो संतों का निधन :-

पिछले दो दिनों में हमने परम पूज्य आचार्य श्री पुण्डरीकरत्न सूरीश्वरजी म.सा.व और श्री अभिनंदन मुनि की सड़क दुर्घटना में मृत्यु अत्यंत दुःखद है। इन दोनों संतों ने जिनशासन की सेवा में अपना जीवन समर्पित किया था। उनकी मृत्यु से जैन समुदाय को बड़ा आघात पहुंचा है।ऐसे कई विद्वान संतों को हमने सड़क हादसों में खोया हैं जिनमें गच्छाधिपति आचार्य विजय रत्नाकर सूरीश्वरजी म.सा.प्रमुख हैं।कई बड़े बड़े साधु साध्वी दुर्घटनाओं में बाल बाल बचे हैं।

### समस्या की जड़ :-

1. अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था :- जैन संतों की विहार के समय सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है।

2. अवसंरचना की कमी :- सड़कों और यातायात व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है।

3. जागरूकता की कमी :- समाज और सरकार में जैन संतों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता की कमी है।

### समाधान :-

1. सुरक्षा व्यवस्था में सुधार :- जैन संघों को गुरुभगवंतों की विहार के समय सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

2. सरकारी सहयोग :- सरकार को जैन संतों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान करने चाहिए।

3.जागरूकता अभियान :- समाज में जैन संतों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने चाहिए,और जिस जगह से भी गुरुभगवंतों का विहार हो वहां के श्रावक श्राविकाओं को साथ जाना चाहिए।

4. कार्यक्रमों में खर्चों का पुनर्मूल्यांकन :- कार्यक्रमों में खर्चों को कम कर जैन संघों को गुरुभगवंतों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान देना चाहिए।कुछ प्रतिशत हिस्सा अगर सुरक्षा पर होगा तो हम अच्छी सुरक्षा व्यवस्था दे पाएंगे।

5. नियमित समीक्षा :- जैन संतों की सुरक्षा के लिए नियमित समीक्षा और मूल्यांकन करना चाहिए।

6 :- विहार कराने जानेवाले युवक युवतियों की सुरक्षा पर भी ध्यान जरुरी हैं, साथ ही हर तरह का सहयोग संघ से उन्हें मिलना चाहिए। ग्रुप एक्सीडेंट पॉलिसी भी निकाल कर रखनी चाहिए।

### आगे की कार्रवाई

जैन समुदाय और सरकार को मिलकर जैन संतों की सुरक्षा पर गंभीरता से काम करना होगा। जैन संघों को गुरुभगवंतों की विहार के समय सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सरकार को भी जैन संतों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान करने चाहिए।



## एग्री स्टार्टअप जागरूकता अभियान के अंतर्गत 03 जून को कार्यशाला

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर। एग्री बिजनेस मेनेजमेंट संस्थान जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र शाजापुर में 03 जून 2025 को प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय एग्री स्टार्टअप जागरूकता अभियान अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिला कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में होने वाली कार्यशाला में संस्थान के वरिष्ठ विशेषज्ञों द्वारा कृषि उद्यमियों, शिक्षित युवाओं, कृषकों, एफपीओ व अन्य इच्छुक युवाओं को कृषि आधारित उद्योग, व्यापार, व्यवसाय की स्थापना, उत्पादों का उन्नयन एवं प्रमाणीकरण, उत्पादों की पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं विपणन, निवेश योजना एवं रणनीति की जानकारी दी जायेगी। साथ ही प्रतिभागियों को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (रफ्तार) अंतर्गत एग्री स्टार्टअप के लिए दी जाने वाली तकनीकी एवं वित्तीय सहायता की जानकारी भी दी जायेगी।

# राजपूत समाज द्वारा मनाई गई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती

### प्रताप के जयकारों से गुंजा कार्यक्रम स्थल... वरिष्ठ समाजजनों ने किया संबोधित -

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**दिनांक 29 मई को रात 8 बजे स्थानीय सुंदर मैरिज गार्डन पर राजपूत समाज के द्वारा हिंदुआ सूरज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया,**

समस्त समाज जनों के द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया एवं समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला गया। एवं समाज को एकजुट रहने की अपील की गई। वहीं इस दौरान महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए सभी समाज जनों द्वारा जय शिवा सरदार की, जय महाराणा प्रताप की जयकारे भी लगाएं, कार्यक्रम स्थल





महाराणा प्रताप के जयकारों से गूंज उठा। उक्त कार्यक्रम महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें समस्त समाजजन शामिल हुए एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र गोड के द्वारा किया गया एवं आभार सकल राजपूत समाज के अध्यक्ष लुणचंद चावड़ा द्वारा माना गया।

# चले तो चांद तक वरना शाम तक

## पाकिस्तान में फुस्स निकले हाथियारों पर चीनी रक्षा मंत्रालय के अधिकारी का बोलने से इनकार



पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर का जवाब देने की कोशिश पाकिस्तान ने की। लेकिन चीन से मिले हथियार भारतीय सीमा में आकर फुस्स साबित हो गए। अधिकतर ड्रोन मिसाइलों को भारतीय एयर डिफेन्स सिस्टम ने नष्ट कर दिया। इस बीच चीनी सेना ने भारत के साथ हाल में हुए संघर्ष में पाकिस्तान की ओर से इस्तेमाल किए गए चीन निर्मित हथियारों के प्रदर्शन पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। \बता दें कि, चीनी रक्षा मंत्रालय महीने में एक बार प्रेस वार्ता आयोजित करता है। भारत और पाकिस्तान के बीच 7-10 मई के सैन्य संघर्ष के बाद चीनी रक्षा मंत्रालय की यह पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। झांग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कहा कि चीनी पक्ष स्थायी संघर्ष विराम और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता को बनाए रखने में रचनात्मक भूमिका जारी रखने के लिए तैयार है।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग शियाओगांग ने भारत की ओर से पीएल-15ई मिसाइल को बरामद करने की खबरों को भी महत्व नहीं देते हुए कहा कि यह रडार निर्देशित मिसाइल है। कर्नल झांग ने इसे चीन द्वारा निर्मित अपनी तरह का सबसे उन्नत रॉकेट बताया। झांग ने मीडिया से कहा, ''आपने जिस मिसाइल का उल्लेख किया है, वह एक निर्यात उपकरण है और इसे कई बार देश-विदेश में रक्षा प्रदर्शनियों में प्रदर्शित किया जा चुका है।'

### सवालों से बचते दिखे कर्नल झांग

कर्नल झांग ने कहा कि भारत और पाकिस्तान ऐसे पड़ोसी हैं जिन्हें अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने भारतीय अधिकारियों के इस दावे से जुड़े सवालों को टाल दिया कि चीन ने सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान को हवाई रक्षा और उपग्रह सहायता प्रदान की तथा चीनी हथियार प्रणालियों ने औसत से कम प्रदर्शन किया। झांग ने चीनी विदेश मंत्रालय के पूर्व के बयानों को दोहराते हुए कहा, ''हम उम्मीद करते हैं कि दोनों पक्ष शांत और संयमित बने रहेंगे तथा स्थिति को और अधिक जटिल बनाने वाली कार्रवाई से बचेंगे।''

# बकरिया चराने गए चार बच्चे तालाब में डूबे,तालाब के गहरे पानी में डूबने से एक बच्ची की हुई मौत



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

पेटलावद। मामला झाबुआ जिले के ग्राम पंचायत बोलासा के पास ग्राम कानाकुंवा का है जहां चार बच्चे बकरियां चराने के लिए पहाड़ी क्षेत्र में गए हुए थे जहां चारो बच्चे वालडा वाला तालाब में नहाने के लिए गए थे कि वहां पानी गहरा होने से चारों बच्चे पानी में डूबने लगे और चीखने लगे तो दूर खड़े ईश्वर पिता मांगू वाखला ने उक्त घटना देख पानी में डुबकी लगाई व चार में से तीन बच्चों को ईश्वर ने जिंदा बाहर निकाला व एक बच्ची कुमारी लक्ष्मी उम्र 9 वर्ष तालाब का पानी गहरा होने से उसकी अन्दर ही डूब कर मृत्यु हो गई। जिसके बाद महेश मुनिया ने झकनावदा चौकी प्रभारी विनोद कुमार सोलंकी को फोन पर इसकी सूचना दी जिसके बाद प्रधान आरक्षक अविनाश निशाद मौके पर पहुंचे बाद मृतक लक्ष्मी को उसके पिता महेश मुनिया लक्ष्मी मुनिया के शव को लेकर पेटलावद अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए ले गए। पुलिस मौके पर पहुंची जांच में जुटी।

# PAK ने पुंछ के जिस गुरुद्वारे पर की गोलीबारी, गृहमंत्री शाह ने वहीं टेका मत्था, बोले- 'जल्द राहत पैकेज की घोषणा करेगी सरकार'

गोपाल गावंडे » रणजीत टाइम्स

प्रधान संपादक



ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का एक ओर जश्न मनाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ सरकार पाकिस्तान से लगे बॉर्डर इलाकों में हुए नुकसान की भी सुध ले रही है। इन इलाकों में आम नागरिकों को पाकिस्तान ने निशाना बनाकर गोलीबारी की थी। इसमें कई घर क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ लोगो की जान भी गई। इसी कड़ी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर के पुंछ इलाके का दौरा किया। इस वक्त वे राज्य के दो दिवसीय दौरे पर हैं। यहां उन्होंने पाकिस्तान की गोलाबारी में प्रभावित हुए पीड़ितों से मुलाकात की। पुंछ से शाह ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए उस गुरुद्वारे में भी मत्था टेका, जिस पर पाकिस्तान ने हमला किया था। पुंछ का यह सबसे पुराना गुरुद्वारा है, जिसे पाकिस्तान ने निशाना बनाया। इस गुरुद्वारे का नाम श्री गुरु सिंह सभा है, जो एलओसी के करीब है।

## पीड़ित परिवारों को सौंपे गए रोजगार नियुक्ति पत्र

वहीं, शाह ने पुंछ की जमीं से पाकिस्तान से दो टूक कहा कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। भारत किसी भी तरह का हमला सहन नहीं करेगा। इसका सटीक और इससे भी बुलंद जवाब दिया जाएगा और हमारी सेनाओं ने ये कर दिखाया है। बता दें कि शाह ने पुंछ में सिर्फ गुरुद्वारा ही नहीं बल्कि मंदिर का भी दौरा किया। साथ ही पुंछ के पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें रोजगार नियुक्ति पत्र भी सौंपे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो बहादुरी पुंछ के लोगों और उनके अधिकारियों ने दिखाई और जो देशभक्ति का जज्बा घाटी से लेकर पुंछ और कठुआ तक जम्मू-कश्मीर के लोगों में उभरकर आया है, उससे पूरे देश की जनता का संबल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में निर्दोष नागरिकों और सैलानियों पर कायराना हमला हुआ। भारत सरकार और पीएम मोदी की हर आतंकी हमले का जवाब कठोरता से देने की नीति के तहत सेना ने सात मई की रात पीओके और पाकिस्तान में आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर दिया। पहली बार देश की सेनाओं ने पाक सीमा के अंदर खड़े आतंकी संगठनों के हेडक्वार्टर्स को ध्वस्त कर उन्हें करारा जवाब दिया।

## जल्द राहत पैकेज की होगी घोषणा

पुंछ में कई लोगों के घरों को नुकसान हुआ है। लोगों के बिजनेस को नुकसान हुआ है। जम्मू कश्मीर सरकार ने ऐसे लोगों की मदद की है और अब भारत सरकार भी उनके लिए एक पैकेज लेकर आएगी।

## राहुल गांधी ने भी की थी पीड़ितों से मुलाकात

**गौरतलब है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी पुंछ मे पाकिस्तानी हमले का शिकार हुए पीड़ित परिवार से मुलाकात की**

# सरना धर्म को सातवें कॉलम में स्थान नहीं मिला, तो....' सरना धर्म को स्वतंत्र धर्म की मान्यता देने की मांग पर अड़ी JMM

हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) ने सरना धर्म संहिता को मान्यता देने की मांग को लेकर एक बार फिर अपने तेवर कड़े कर लिए हैं। मंगलवार, 27 मई को राजधानी रांची समेत राज्य भर के जिला समाहरणालयों के बाहर JMM नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। रांची में प्रदर्शनकारियों ने राजभवन के पास एकत्र होकर कलेक्ट्रेट तक मार्च भी निकाला। इस मौके पर JMM के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी आदिवासियों की इस ऐतिहासिक मांग को लगातार नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने साफ कहा कि अगर आगामी जनगणना में सरना धर्म को सातवें कॉलम में स्थान नहीं मिला, तो झारखंड में जनगणना नहीं होने दी जाएगी।

जब तक मान्यता नहीं, JMM कार्यकर्ता चैन से नहीं बैठेंगे – विनोद कुमार पांडेय

पांडेय ने आगे कहा कि झारखंड विधानसभा ने वर्ष 2020 में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से आग्रह किया था कि सरना धर्म को



एक स्वतंत्र धर्म के रूप में मान्यता दी जाए। उन्होंने कहा, "अब तक लगभग 5 साल बीत चुके हैं, लेकिन केंद्र ने कोई पहल नहीं की है। यह आदिवासी अस्मिता और अस्तित्व का सवाल है। जब तक सरना धर्म संहिता को मान्यता नहीं मिलती, JMM कार्यकर्ता चैन से नहीं बैठेंगे।" इस प्रदर्शन के साथ-साथ साहेबगंज, देवघर, गिरिडीह, धनबाद, जमशेदपुर और खूंटी समेत राज्य के कई हिस्सों में भी प्रदर्शन हुए। वहीं, BJP ने JMM और कांग्रेस पर इस मुद्दे को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता और बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और JMM सरना संहिता के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरना धर्म संहिता से ज्यादा जरूरी है सरना धर्म और संस्कृति की रक्षा। पूर्व मुख्यमंत्री और BJP नेता रघुबर दास ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब नरसिंह राव प्रधानमंत्री थे, तब BJP ने सरना धर्म को मान्यता दिलाने की कोशिश की थी, लेकिन कांग्रेस ने उसे नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा, "आज कांग्रेस और JMM सिर्फ दिखावा कर रहे हैं। अगर उन्हें वास्तव में आदिवासियों की चिंता होती, तो अब तक इस मुद्दे का समाधान निकल गया होता।" झारखंड की सियासत में एक बार फिर आदिवासी अस्मिता का सवाल गरमा गया है, और सरना धर्म संहिता इसका केंद्र बिंदु बनती दिख रही है। मरांडी ने वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि झारखंड की कुल आबादी 3.29 करोड़ में से करीब 86 लाख आदिवासी हैं, जिनमें से लगभग 14 लाख ने ईसाई धर्म अपना लिया है। उन्होंने सवाल किया कि जब आदिवासी अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे हैं, तो सरना धर्म संहिता का भविष्य क्या होगा?

# लाहौर में 3 ISI अफसरों से ली थी ट्रेनिंग, देता था भारतीय सेना की मूवमेंट की जानकारी ; जासूस कासिम ने पूछताछ में किये कई खुलासे

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां भारत के अलग-अलग शहरों से देश के गद्दारों की पहचान और धरपकड़ में जुटी हुई है। पहलगाम हमले से पहले सुरक्षा में हुई चूक के बाद अब एजेंसियां कोई भी लापरवाही करने के मूड में नहीं है। पाकिस्तान से लगे बॉर्डर राज्यों से घुन बनकर भारत में जी रहे पाकिस्तानी जासूस को लगातार पकड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में हरियाणा में ज्योति समेत कई जासूसों की धरपकड़ की गई। इसी क्रम में सुरक्षा एजेंसियों ने हाल ही में राजस्थान से कासिम नाम के शख्स को गिरफ्तार किया था। कासिम से अब दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने भी पूछताछ की है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जासूसी कांड में पकड़े कासिम पर बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि उसने लाहौर के आर्मी कैंप में ट्रेनिंग ली थी। उसे ISI के 3 अफसरों ने ट्रेनिंग दी थी।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राजस्थान से गिरफ्तार पाकिस्तानी जासूस से पूछताछ में उसकी ISI ट्रेनिंग से जुड़ी जानकारी जानने की कोशिश कर रही है। स्पेशल सेल खासकर लाहौर आर्मी कैंप में हुई ट्रेनिंग की सटीक लोकेशन और टाइमिंग के बारे में कासिम से पूछताछ कर रहीं है। स्पेशल सेल कासिम से ये जानने की कोशिश कर रही है कि पाकिस्तान में उसे किस-किस तरह की ट्रेनिंग दी गई। स्पेशल सेल की जांच में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के तीन अधिकारियों की पहचान और भूमिकाएं सामने आई है। शाह जी, ताउजी और वकास जैसे कोड नेम वाले इन अधिकारियों की असली पहचान जानना स्पेशल सेल के लिए प्राथमिकता है।